पंजाब केसरी
27-10-2024

धर्मेंद्र कुमार ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्राप्त किया प्रथम स्थान

अम्बाला (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के राजनीतिक विज्ञान विभाग के विद्यार्थी धर्मेंद्र कुमार ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान पर आकर कॉलेज और अम्बाला जिले के लिए स्वर्णिम इतिहास रचा है। धर्मेंद्र कुमार ने 85.8 प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कॉलेज का नाम स्वर्णिम अक्षरों में अंकित करने वाले विद्यार्थी धर्मेंद्र कुमार का महाविद्यालय में अभिनंदन करते हुए कहा कि धर्मेंद्र जैसे विद्यार्थी ही कॉलेज का स्वाभिमान है, जिनकी कुशलता के आधार पर महाविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अनूठे कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। समाज के लिए एक प्रेरणा एवं आदर्श का रूप बन रहा है।

डा. रोहित दत्त ने कहा कि जी.एम.एन. कॉलेज अपने विद्यार्थियों के लिए रोजगारपरक विषयों को कॉलेज प्रांगण में संचालित कर रहा है, जिससे विद्यार्थी उच्च स्तर पर रोजगार प्राप्त करके अपने जीवन के वास्तविक लक्ष्यों एवं उद्देश्यों की पूर्ति करते हुए एक आदर्श समाज के निर्माण और राष्ट्रीय उन्नति में अपनी सहभागिता स्थापित कर सके। उन्होंने कहा कि जी.एम.एन. कॉलेज अपने विद्यार्थियों के चौमुखी विकास के लिए वचनबद्ध है। इस अनूठी उपलब्धि के लिए प्राचार्य ने विभागाध्यक्ष डा. एस.एस. नैन, डा. राकेश कुमार, डा. कृष्ण पूनिया, डा. सरोज बाला, डा. तृप्ति शर्मा और लवप्रीत सिंह को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आप सभी के प्रयासों और प्रगाढ़ लग्न का परिणाम है।